


नवभारत 09

इंदौर, मंगलवार,12 अगस्त , 2025


एक नजर में

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय पत्रकार संघ ने तिरंगे झंडे भेंट किए



**पेटलावद।*** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को भारतीय पत्रकार संघ ने नगर परिषद सीएमओ आशा भंडारी को तिरंगे झंडे भेंट कर। नगर में 13 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा में सहयोग प्रदान करते हुए कहा नगर के नागरिकों से अपील की है कि नगर परिषद द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सफल बनाये और राष्ट्र के प्रति अपनी सच्ची श्रद्वा का परिचय देवें। नगर में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारियां की जा रही है। जिसमें सभी समाजजन,संस्था व शासकीय संगठन आदि शामिल होगें। सीएमओ आशा भंडारी ने बताया कि तिरंगा यात्रा के लिए हमारे द्वारा तैयारियां की जा रही है। जिसमें सभी नगरवासियों का सहयोग अपेक्षीत है। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष हरिश राठौड,युवा इकाई जिलाध्यक्ष मोहन परमार, तहसील अध्यक्ष प्रकाश पडियार, वीरेंद्र भट्ट,, नगर अध्यक्ष चंदू राठौड, ओपी मालवीय, पियूष राठौड, तहसील उपाध्यक्ष जयमाल मैडा, ईश्वर मैडा, नप इंजीनियर दीपक वास्कले आदि उपस्थित रहे।

## कार्यकारिणी के पुर्नगठन को लेकर नेता एवं पदाधिकारियों से की वन-टू-वन चर्चा



**झाबुआ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभवसिंह पंवार, पूर्व विधायक इंदौर सुदर्शन गुप्ता एवं संगठन जिला प्रभारी हरिनारायण यादव 11 अगस्त को झाबुआ के दौरे पर रहे। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष पंवार, पूर्व विधायक इंदौर गुप्ता ने स्थानीय सर्किट हाऊस में भाजपा के नेता एवं पदाधिकारियों से भाजपा जिला कार्यकारिणी को पुर्नगठन को लेकर बातचीत करने के साथ बंद कमरे में रायशुमारी भी की। पश्चात् देर शाम झाबुआ से अलीराजपुर के लिए प्रस्थान किया। मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर ने बताया कि 11 अगस्त, दोपहर 3 बजे भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष पंवार एवं पूर्व विधायक गुप्ता झाबुआ पहुंचे। जहां सर्किट हाऊस पर भाजपा नेताओं ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु अत्रिवाल भी उपस्थित थे।

**करीब ढ़ाई घंटे चली चर्चा**- पयर्वक्षकों में रूप में भायजुमो प्रदेश अध्यक्ष पंवार एवं इंदौर विधायक गुप्ता ने रायशुमारी में अपेक्षित पार्टी के नेता एवं पदाधिकारियों को बारी-बारी से बुलाकर उनसे रायशुमारी की। साथ ही पार्टी के अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से भी बातचीत कर प्रदेश स्तर पर संगठन को इससे अवगत करवाया जाएगा। यह क्रम करीब ढ़ाई घंटे तक चला। झाबुआ में पार्टी स्तर पर नेता-पदाधिकारियों से चर्चा बाद यहां से अलीराजपुर के लिए प्रस्थान किया।

## मास पारायण का हवन, अभिषेक के साथ हुआ समापन



**पारा।** विगत एक माह से श्रावण मास के चलते नगर बस स्टेंड स्थित प्राचीन शंकर मंदिर परिसर पर रामायणजी के मास पारायण का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा था, जिसका हवन, पूजन, अभिषेक के साथ रविवार को विधिवत से समापन हुआ। रामायण मंडल पारा के तत्वाधान में प्राचीन शंकर मंदिर पारा विगत एक माह से रामायणजी के मास पारायण का आयोजन पं. संजय शर्मा के मार्गदर्शन और घनश्याम शर्मा, राहुल शर्मा के सानिध्य में संगीतमयी वाचन भजनो के साथ प्रतिदिन रात्री में आठ बजे से किया जा रहा था, जिसमे नगर के भक्तजनो के रामायणजी का वाचन किया। रामायण में आये प्रसंगो के अनुसार भजन गाकर उत्सव भी मनाया गया। मास पारायण का समापन रविवार को भगवान सोमनाथ महादेव के अभिषेक, पूजन व रामायणजी के हवन पूर्णाहुति के साथ हुआ। साथ ही पं. राहुल शर्मा द्वारा श्रावण मास में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का विभिन्न रूपों में तिथि व पर्व अनुसार आकृर्षक श्रृंगार किया गया, जिसकी नगर के श्रद्धालूओ ने प्रसंसा की। समापन के बाद कन्या भोज का भी आयोजन रखा गया, जिसमे बड़ी संख्या ने नगर के श्रद्धालुओं ने भी प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर ढोलक पर लखनसिंह डोडिया, ओकरसिंह परमार, चेतनसिंह डोडिया, राजा सरतलिया, अनिल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र राठौर, गगन राठौड़, रवि कदम, नरेंद्र सोलंकी, बर्वे, गौरव डोडिया, नानू प्रजापति, गुड्डू कटारा, अभिषेक शर्मा, पवन बैरागी सहित महिला मंडल की भी उपस्थिति थी।

## अभियान के अंतर्गत निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**झाबुआ।** भारत के स्वतंत्रता दिवस के महापर्व के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोड़ना, स्वतंत्रता का महत्व समझाना तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में 11 अगस्त को पुलिस लाइन से लेकर राजवाड़ा चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में जिले के विभिन्न विभागों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, जिपं सीईओं जितेन्द्रसिंह चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीओपी रूपरेखा यादव, रक्षित निरीक्षक अखिलेश राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, वन रक्षक, स्कूली विद्यार्थी एवं आमजन शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश व उल्लास के साथ यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से झाबुआ जिले की जनता को आजादी के महत्व, राष्ट्रीय एकता और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता में दिखेगी आत्मनिर्भर भारत और सामाजिक समरसता की झलक

**झाबुआ। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के मध्य राजवाड़ा पर दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर समिति की द्वितीय बैठक 10 अगस्त की रात 8 बजे से स्थानीय पैलेस गार्डन पर आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति संयोजक डॉ. नीरज राठौर ने संचालन करते हुए बताया कि 14 अगस्त को सुबह 10.30 बजे राजवाड़ा पर ढोल-धामकों के साथ उत्साहपूर्वक भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ दही-हांडी को 31 फिट ऊंचाई पर बांधा जाएगा।**

16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर रात 7 से 9 बजे तक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। पश्चात् 9 बजे गौ-सेना (झाबुआ युथ) द्वारा गौ-माता की आरती पश्चात् दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता शुरू होगी। प्रतियोगिता का पुरस्कार 21 हजार रू. एवं शील्ड समिति की और से रखी गया है। मुख्य आकर्षण में आत्मनिर्भर भारत एवं सामाजिक समरसता के साथ देश के महापुरूषों की तस्वीर आयोजन स्थल पर लगाई जाएगी। टीमों के प्रवेश के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है।



प्रत्येक टीम का रहेगा कलर कोड-समिति अध्यक्ष डॉ. यशवंत भंडारी ने बताया की प्रत्येक टीम का कलर कोड रहेगा। इसके अलावा श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सभी सदस्यों के लिए निर्धारित डेऊस कोर्ड के तहत श्री कृष्ण प्रिंटेड टी-शर्ट की व्यवस्था रहेगी। आयोजन में सुरक्षा एवं व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका का भी सहयोग लिया जाएगा। रात 12 बजे तक दही-हांडी फूटना अनिवार्य है। समिति महासचिव चंदरसिंह चंदेल ने दही-हांडी के भव्य आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालन एवं व्यवस्था हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किया।

### विभिन्न समितियों का किया गठन

इस दौरान दही-हांडी फोड़ के सुव्यवस्थित संचालन एवं व्यवस्था हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिसमें प्रबंधन समिति में यशवंत भंडारी, बिट्टू सिंगार एवं बलवीरसिंह सोहेल, टेंट, लाईट एवं माईक समिति में नीरज राठौर, अजयसिंह पंवार, अब्दुल रहीम, पं. विष्णु व्यास, दहीं-हांडी प्रतियोगिता व्यवस्था एवं मटकी बंधवाना समिति में रविराज राठौर, विनय वर्मा, सुभाष, चंदरसिंह चंदेल, स्वागत समिति में जेवियर मेड़ा, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, अजय रामावत, कमलेश पटेल, अशोक शर्मा, हरिश शाह, एमएल फुलपगारे, माईक संचालन समिति में राधेश्याम परमार, उदय बिलवाल, पंकज जैन, बिट्टू सिंगार, प्रदीप जैन एवं प्रचार-प्रसार समिति में दौलत गोलानी को शामिल किया गया। बैठक का समापन राष्ट्रगान, भारत माता और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे के साथ हुआ।

# प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर पर अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ की पूर्णाहूति

**झाबुआ।** शहर के नेहरू मार्ग पर प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर में श्री रामायण मंडल द्वारा श्रावण मास में विगत 10 जुलाई से आरंभ हुए अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ की 11 अगस्त को पूर्णाहूति हुई। पूर्णाहूति पर श्रीराम कथा, श्री हनुमान चालीसा पाठ बाद हवन, महाआरती कर सभी भक्तजनों द्वारा भंडारा (प्रसादी) का लाभ लिया। रविवार रात पाठ में श्री रामायण मंडल के सदस्यगणों के साथ बड़ी संख्या में शहर के भक्तजनों की उपस्थित रहीं। जिसमें विशेष उपस्थिति मंडल से जुड़ी मातृ शक्तियों एवं युवाओं ने दर्ज करवाई और अखंड श्री रामायण पाठ की चौपाईयों का संगीतमय, समधुर तरीके से वाचन किया। इस दौरान समधुर भजन भी प्रस्तुत किए गए। अंतिम दिन 11 अगस्त को दोपहर अखंड श्री रामायण पाठ की पूर्णाहूति पर 11 बजे से मंदिर परिसर में हवन आरंभ हुआ। हवन विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने संपन्न करवाया। जिसमें यजमान के रूप में मीनादेवी शांतिलाल चौहान ने सपरिवार लाभ लिया। बार-बारी से महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने भी हवन में जिले की खुशहाली, समृद्धि के साथ अच्छी वर्षा की कामना के साथ आहूतियां प्रदान की। इस दौरान श्री रामायण पाठ की चौपाईयों का वाचन मंडल के सदस्यगणों ने किया। यह हवन दोपहर डेढ़ घंटे तक चला। पश्चात् श्रीराम दरबार एवं श्री बालरूप हनुमानजी महाराज एवं शिवजी की महाआरती कर प्रसादी के रूप में सभी भक्तों को पंचामृत, मिठाई एवं फ्ल का वितरण किया गया।



### भंडारे का भक्तों ने लिया लाभ

तत्पश्चात् कन्याओं एवं ब्राम्हणों को भोजन करवाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में बैठकर श्री रामायण मंडल से जुड़ी मातृशक्तियों ने एक जैसे ड्रेस-कोड में समधुर भजन-किर्तन भी किए। दोपहर 2 से शाम करीब 5 बजे तक भंडारा (प्रसादी) का आयोजन हुआ। जिसका बड़ी संख्या में श्री रामायण मंडल के सदस्यों के साथ श्रीरामायण पाठी भक्तजनों ने लाभ लिया। रात्रि में श्री बाडी हनुमान मंदिर में श्री रामायण मंडल की और से सुंदरकांड पाठ भी रखा गया। पाठ की पूर्णाहूति पर आरती कर प्रसादी का वितरण हुआ। श्री रामायण मंडल द्वारा करीब एक माह तक चले श्रीरामचरित मानस पाठ में सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति आभार माना।



# नगरपालिका द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शहर में निकाली रैली

**झाबुआ।** केंद्र एवं मप्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान तथा स्वच्छता थीम पर नगरपालिका परिषद् झाबुआ द्वारा 11 अगस्त को नपा कार्यालय परिसर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने किया। रैली में विशेष रूप से भाजपा खेल प्रकोष्ठ संयोजक बिट्टू सिंगार, नपा अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं सीएमओ मिलन पटेल के साथ सभी पार्षदगण भी शामिल हुए। रैली में आगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर अतिथि चले। इसके पीछे प्रचार वाहन के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान की नागरिकों को जानकारी दी गई। नपा के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में सफाईकर्मी ड्रेस कोर्ड में दो-दो की कतार में अपने हाथों में तिरंगा लेकर सभी ने उत्साहपूर्वक भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के जयघोष लगाए। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों की सहभागिता रहीं। यात्रा शहर के बस स्टैंड, फव्वार चौक, मेन बाजार, थांदला गेट, बाबेल चौराहा, आजाद चौक, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा होते हुए राजवाड़ा चौक पहुंची जहां उसका समापन हुआ।

### तिरंगा हमारी शान और पहचान है

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूरिया ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 10 से 15 अगस्त तक पूरे देश और मप्र में भी हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया गया है। इस दौरान तिरंगा यात्राएं निकालने के साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर 12 से 15 अगस्त की शाम तक तिरंगा फहराना है, यह हमारे गौरव और राष्ट्र के प्रति प्रेम का प्रतीक है। विधायक डॉ. भूरिया ने कहा कि तिरंगा हमारी शान और पहचान है, इसलिए इसे 15 अगस्त को प्रत्येक नागरिक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर जरूर फहराएं एवं राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का परिचय दे। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार नपा अध्यक्ष श्रीमती सिंगार ने माना।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोशिएशन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष ओपी बुधोलिया के निर्देशानुसार जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी के नेतृत्व में पेंशनरों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण हेतु मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया को सौंपा गया। जिसमें पेंशनरों की 8 सूत्रीय मांगे रखी गई। इस अवसर पर मांगो के समर्थन में अपने विचार रखते हुए एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. केके त्रिवेदी ने विधायक डॉ. भूरिया से विधानसभा में पेंशनरो की और से पक्ष रखने हेतु निवेदन किया। ज्ञापन का वाचन राधेश्याम परमार ने किया। एसोसिएशन द्वारा मांगों संबंधी ज्ञापन गोपाल कॉलोनी में विधायक कार्यालय पर रैली के रुप में नारे लगाते हुए पहुंचकर प्रेषित किया गया। ज्ञापन सौंपते समय एसोसिएशन के पदाधिकारियों में डॉ. एलएस राठौर, डॉ. केसी कोठारी, डॉ. केके त्रिवेदी, सुभाषचंद्र दुबे, पुरुषोत्तम ताम्रकर, जितेन्द्र शाह, एमजे कुरेशी, राजेन्द्रप्रसाद जोशी, पीडी रायपूरिया, बीके त्रिवेदी, यशवंत त्रिवेदी, अशोक जैन, मनोजकुमार खाबिया, बहादुरसिंह चौहान, राजेन्द्रकुमार शर्मा, भगवतीलाल शाह, पं. राजकुमार देवल, महिला प्रकोष्ठ से किर्ती देवल, सुशीला भट्ट, पद्मजा त्रिवेदी एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्य उपस्थित थे। अंत में सभी के प्रति आभार डॉ. एलएस राठौर ने माना। ज्ञापन प्राप्त करने के पश्चात् विधायक डॉ. भूरिया ने इसे मप्र सरकार को प्रेषित करने हेतु आश्वास्त किया।



### 1 लाख विधायक निधि से देने की घोषणा

इस अवसर जिला समिति के वरिष्ठ संयोजक सुभाषचन्द्र दुबे द्वारा विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया से संगठन की और से स्थानीय थांदला गेट पर पेंशनर कार्यालय के भवन की मरम्मत हेतु विधायक निधि से सहयोग करने हेतु आग्रह किया गया। जिसे विधायक डॉ. भूरिया ने सहर्ष स्वीकार करते हुए एक लाख रू. दिए जाने की घोषणा की। जिसका उपस्थित समस्त पदाधिकारी-सदस्यों ने कर्तल ध्वनि से स्वागत किया एवं विधायक डॉ. भूरिया का विशेष आभार प्रकट किया।

एक नजर ▶ रास्ते में भक्तों के लिए नि :शुल्क भंडारे और निवासी की व्यवस्था करते श्रद्धालु

# रामदेवरा तीर्थ हेतु श्रद्धा और विश्वास के साथ उत्साह का त्रिवेणी संगम प्रतिवर्ष बढ़ रहा

**पेटलावद।** धार्मिक महत्व और आस्था का केंद्र बिंदु रामदेवरा हेतु आमजन का उत्साह देखने लायक है। इस समय रामदेवरा मंदिर पर जाने वालो का तांता लगा हुआ है।रामदेवरा मंदिर मुख्य स्थान पेटलावद नगर से 700 किमी दूर है। जहां पर जाने के लिए हर वर्ष भक्तों में होड मची रहती है। क्षेत्र से लगभग हजारों श्रद्वालु रामदेवरा तीर्थ पर जाते है। भादवी बीज को रामदेवजी का प्राकट्यउत्सव मनाया जाता है। जिसके लिए भादवा माह में भगवान रामदेवजी के दर्शन हेतु उनके मूल स्थान पर जाने वालों का तांता लगा रहता है। क्षेत्र से रामदेवजी मंदिर पर जाने वाले श्रद्वालुओं के लिए रास्तों में सैकडों स्थानों पर भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी नि:शुल्क की जाती है। श्रद्वालुजन समूह बनाकर रामदेवरा जाने वाले भक्तों के लिए चाय नाश्ता, भोजन और रूकने की सुविधा उपलब्ध करवाते है। रामदेवरा के लिए जहां हजारों भक्त वाहनों, ट्रेनो और अपने स्वयं के दो पहियां वाहन से जाते है। वहीं हजारों श्रद्वालु पैदल भी रामदेवरा दर्शन हेतु जाते है। यह 700 किमी का सफर पैदल वाले लगभग 10 दिन में तय कर लेते है। वहीं दो पहिया वाहन वाले 3 से 4 दिन में दर्शन कर लोट आते है। *15 सदस्यीय दल रवाना : इसी क्रम में नगर के राम मोहल्ला मंदिर से पं. पियुष जोशी ने 15 सदस्यीय दल को भगवान राम तेजाजी मंदिर राजापुरा का आर्शीवाद लेकर यात्रा के लिए प्रस्थान किया। तीर्थ यात्रा पर जा रहे दल के सदस्यों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया और महिलाओं ने मंगल गीत गा कर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया।



**प्रतिदिन हजारों जाते रामदेवरा** = इस समय क्षेत्र से रामदेवरा जाने वालों में गजब का उत्साह और विश्वास देखा जा रहा है। प्रतिदिन क्षेत्र से हाथ में रामदेवजी के झंडे लिये निकल रहे है। जिनका हुजूम देखकर उनकी प्रति श्रद्वा से हर कोई नतमस्तक हो जाता है। यह उत्साह एक दिन या दो दिन का नहीं हो कर वर्षो से इसी क्रम में चल रहा है। इस उत्साह में कभी कमी नहीं देखी गई है। समय के साथ आमजन की श्रद्वा में वृद्वी ही देखी गई है।